पंजाब केसरी 27/02/2026

गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में इंटर कॉलेज आई.टी. फैस्ट टैकस्पार्क-26 आज

अम्बाला, 26 फरवरी (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में 27 फरवरी को इंटर कॉलेज आई.टी. फैस्ट टैकस्पार्क-26 का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम इंस्टीट्यूशंस इनोवेशन काउंसिल (मिनिस्ट्री ऑफ एजुकेशन इनिशिएटिव) एवं एम.एच.आर.डी. इनोवेशन सैल के सहयोग से आयोजित हो रहा है तथा फोकलिट के साथ मिलकर संपन्न होगा।

कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि टैकस्पार्क-26 विद्यार्थियों के लिए अपनी प्रतिभा, नेतृत्व क्षमता और तकनीकी दक्षता प्रदर्शित करने का सशक्त मंच है। ऐसे आयोजन युवाओं को नई सोच, स्टार्टअप संस्कृति और नवाचार की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने अधिक से अधिक विद्यार्थियों से इस फैस्ट में भाग लेने का आह्वान किया। इस फैस्ट का उद्देश्य विद्यार्थियों में तकनीकी नवाचार, रचनात्मकता और उद्यमिता कौशल को प्रोत्साहित करना है। फैस्ट में ई-पोस्टर, इनोवेट वैब, ब्लाइंड कोडिंग, आई.टी. क्विज, एड मैड शो, बिजाथॉन, बैस्ट मैनेजर, ट्रेजर हंट, रील मेकिंग, जस्ट अ मिनट और टैलेंट विद टैक जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।